SET- C

# मॉडल पेपर –2019

कक्षा–बारहवीं

समयः 3 घण्टे

## विषय :– लेखाशास्त्र

पूर्णांक 80

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. प्रत्येक प्रश्न तीन खण्डों में निर्धारित हैं। (अ, ब एवं स)
2. खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं,
3. खण्ड 'ब' एवं 'स' में से कोई भी एक खण्ड हल करना हैं।
4. प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।
5. निर्धारित अंको को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे।
6. अधिकतम शब्द सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए ही हैं।

---

## खण्ड "अ"

### (साझेदारी फर्मो तथा कंपनियों के लिए लेखांकन)

**निर्देश :-**

1. खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न सभी परीक्षार्थीयों के लिए अनिवार्य हैं,
2. खण्ड (अ) के प्रश्न क्रमांक 01 से 06 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं तथा वस्तुनिष्ट प्रश्न भी हैं।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-**

प्रश्न 01. साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारी के लाभों का वितरण साझेदारों में किया जाता हैं – **[1]**

(अ) पूँजी के अनुपात में

(ब) व्यवसाय संचालन में साझेदारों द्वारा दिए गए समय के अनुपात में

(स) समान अनुपात में (द) साझेदारों की प्रबन्ध दक्षता के अनुपात में।

प्रश्न 02. सर्वाधिक मूल्य होता हैं – **[1]**

(अ) चूहे के स्वभाव वाली ख्याति का (ब) बिल्ली के स्वभाव वाली ख्याति का

(स) कुत्ते के स्वभाव वाली ख्याति का (द) सभी का।

प्रश्न 03. एक निजी कम्पनी के सदस्यों की अधिकतम संख्या हो सकती हैं – **[1]**

(अ) 50 (ब) 75

(स) 100 (द) 200

प्रश्न 04. लाभों को बाँटना क्या साझेदारी के लिए अनिवार्य हैं या ऐच्छिक? **[1]**

प्रश्न 05. कम्पनी का सबसे महत्वपूर्ण प्रलेख कौन सा होता हैं? **[1]**

प्रश्न 06. किस प्रकार के अंशों पर लाभांश तथा पूँजी की वापसी में पूर्वाधिकार रहता हैं? **[1]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 07 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द हैं।**

प्रश्न 07. साझेदारी से क्या आशय हैं? साझेदारी की दो विशेषताएँ बताइये। **[1+2]**

प्रश्न 08. राम लि. ने एक व्यवसाय को 50000रू. में क्रय किया 14000रू. नगद तथा शेष 100रू. वाले 9% ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा 10% के बट्टे पर देय थे। राम लि. की पूस्तकों में जर्नल प्रविष्ठियाँ दीजिए। **[3]**

प्रश्न 09. एक कंपनी के संचालकों ने 100 रू. प्रति अंश वाले 5000 अंशों को जिस पर 80रू. याचना की गयी थी जब्त करने का निर्णय लिया गया। इन अंशों के धारक ने प्रथम याचना पर 30रू. प्रति अंश और अन्तिम याचना पर 20रू. प्रति अंश का भुगतान नहीं किया। अंशों की जब्ती का रोजनामचा प्रविष्ठियाँ दीजिए। **[3]**

प्रश्न 10. सत्यम लिमिटेड ने 10रू. वाल 50000 समता अंशों के लिये आवेदन आमंत्रित किय। संपूर्ण राशि आवेदन पर देय थी। 48000 अंशो के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। जिसका यथा विधि आबंअन किया गया । कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्ठियाँ दीजिये । **[3]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 11 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं ।**

प्रश्न 11. साझेदारी में त्याग अनुपात एवं लाभ प्राप्ति अनुपात में अंतर लिखिए ।(कोई चार ) **[1x4]**

अथवा

ख्याति गणना की कोई दो विधियों का वर्णन कीजिए । **[2+2]**

प्रश्न 12. A और B का लाभानुपात 2:1 हैं । जो C को नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया जो कि पूँजी के रूप में 30000रू. और 9000रू. की ख्याति के 1/6 भाग के लिये लायेगा । जिसे वह A और B से समान रूप से प्राप्त करता हैं। नया लाभ-हानि अनुपात की गणना कीजिये । **[4]**

अथवा

X,Y और Z एक फर्म में साझेदार हैं। उनकी पूंजी निम्न प्रकार थीः- X की 60000रू., Y की 50000रू. एवं Z की 40000 रू.। 1अक्टूबर 2014 को X ने 10000 फर्म का ऋण दिया तथा (i) साझेदारों को 5% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज (ii) ऋण पर 6% वार्षिक ब्याज (iii) Z को 1000रू. प्रतिमाह वेतन (iv) Y को 500 रू. प्रतिमाह किराया दिया जाता हैं। 31 मार्च 2015 का उपर्युक्त समायोजन के पूर्व का लाभ 30300 रू. था । लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए । **[2+2]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 13. निम्नलिखित चिट्ठा X,Y एवं Z का हैं जो 31.05.207 को साझेदारी में हैं । **[3+3]**

अंतिम चिट्ठा ( 31.05.2017 )

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 9000 | प्लाण्ट व मशीनरी | 18000 |
| सामान्य संचिति | 18000 | फर्नीचर | 12000 |
| लाभ-हानि खाता | 6000 | स्टॉक | 8000 |
| पूँजी खाता | | देनदार | 15000 |
| X - 12000 | | रोकड़ | 12000 |
| Y - 10000 | | | |
| Z - 10000 | 32000 | | |
| | 65000 | | 65000 |

Y, 01.06.2017 को अवकाश ग्रहण करता हैं। सम्पत्तियों एवं दायित्व का मूल्यांकन निम्न प्रकार किया गया :- प्लाण्ट व मशीनरी 22000रू., स्टॉक 13000रू., फर्नीचर 10000रू., देनदारों पर संदिग्ध ऋण 5%, लेनदारों को 8500 रू. आंका गया । पुर्नमूल्यांकन खाता एवं Y का पूँजीखाता बनाइये कि Y को 20% नगद भुगतान तथा शेष उसके ऋण खाता में हस्तांतरित कर दिया जाता हैं ।

अथवा

राम और रहीम क्रमशः 400000रू. एवं 300000रू. की पूँजी के साथ साझेदार हैं। 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिये विचार के पूर्व का लाभ 237500रू. था ।(i)पूँजी पर 5% प्रतिवर्ष ब्याज देना हैं ।(ii) आहरण पर 5% प्रतिवर्ष ब्याज लेना हैं। आहरण राम का 80000रू., रहीम का 60000रू. हैं । (iii) राम

को विक्रय पर 2% कमीशन दिया जाता है, तथा कुल विक्रय 100000रू.। लाभ-हानि समायोजन खाता बनाइये । **[2+4]**

प्रश्न 14. अक्षय, जाँन व सलमान 2:2:1 के अनुपात में लाभ-हानि को बाँटते हुए एक फर्म में साझेदार हैं और 31 मार्च 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार हैं:- **[3+3]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 85000 | भूमि | 170000 |
| देयबिल | 65000 | भवन | 100000 |
| सामान्य संचय | 100000 | संयंत्र | 200000 |
| पूँजी | | स्कंध | 80000 |
| अक्षय - 100000 | | देनदार | 50000 |
| जाँन - 120000 | | रोकड़ | 10000 |
| सलमान - 140000 | 360000 | | |
| | **610000** | | **610000** |

1अप्रैल 2017 को साझेदारों का नया लाभानुपात 1:2:3 हैं। यह तय हुआ कि (i)भूमि का मूल्यांकन 200000रू., भवन को 6% की दर से घटा दिया जाय । (ii) लेनदारों को 6000रू. कम करे । (iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 120000रू. पर किया जाना हैं। पूर्नमूल्यांकन खाता एवं पूँजी खाता तैयार कीजिए ।

अथवा

31 मार्च 2017 को A और B का आर्थिक चिट्ठा तथा उनके लाभ-हानि का अनुपात 2/3 तथा 1/3 था।

| दायित्व | राशि | सम्पत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| पूँजी | | भवन | 25000 |
| A - 15000 | | संयंत्र एवं मशीनरी | 17500 |
| B - 10000 | 25000 | स्टॉक | 10850 |
| विविध लेनदार | 32950 | देनदार | 4000 |
| | | बैक में रोकड़ | 600 |
| | **57950** | | **57950** |

निम्न शर्तो पर C को व्यापार में प्रवेश दिया गया (i) व्यापार में C को 1/3 भाग हिस्सा दिया जायेगा । जिसके लिए वह पूँजी 7500रू. व ख्याति 3000रू. लाता हैं। (ii) स्टॉक तथा संयंत्र व मशीनरी में 5% कमी करनी हैं । (iii) देनदारों पर 5% डुबत ऋण का प्रावधान करें । (iv) भवन का मूल्य को 10% कम करना हैं । ख्याति की रकम पूराने साझेदारों द्वारा निकाल लिया जाता हैं । पूर्नमूल्यांकन खाता बनाइये एवं आवश्यक पंजी प्रविष्ठियाँ कीजिए । **[3+3]**

प्रश्न 15. लक लि. की अधिकृत पूँजी 1000000 हैं, जो प्रत्येक 100रू. वाले 10000 अंशों में विभाजित हैं। इनमें से कंपनी 5रू. प्रति अंश प्रीमियम पर 8000 अंश का निर्गमन किया जो इस प्रकार देय हैं:- आवेदन पर 30रू., आंबटन पर 35रू. (प्रीमियम सहित), शेष राशि प्रथम एवं अंतिम याचना पर प्राप्त हुई, । 7500 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और यथाविधि राशि प्राप्त हों गई ।

आवश्यक पंजी प्रविष्ठियाँ कीजिए । **[2x3]**

अथवा

निम्नलिखित को ऋणपत्रों के निर्गमन के लिये जर्नन प्रविष्ठियाँ दीजिए:-(i) एक ऋण पत्र 95 पर निर्गमित हुआ तथा 100 रू. पर शोधन किया जायेगा ।(ii) एक ऋणपत्र 95 पर निर्गमित हुआ तथा 105 पर शोधन किया जाऐगा । (iii) एक ऋण पत्र 100 रू. पर निर्गमित हुआ तथा 105 पर शोधन किया जायेगा । **[2x3]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 16 से 17 तक अति दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं ।प्रत्येक प्रश्न पर 08 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 16. M,N और S का फर्म में पूँजी के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। 31 दिसंबर 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार हैं। **[4+4]**

| पूँजी और दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | | राशि |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 21000 | भवन | | 100000 |
| पूँजी M - 80000 | | मशीनरी | | 50000 |
| N - 40000 | | रहतियाँ | | 18000 |
| S - 40000 | 160000 | देनदार | 20000 | |
| सामान्य संचय | 20000 | संदद्ध ऋण | -1000 | 19000 |
| | | बैंक में रोकड़ | | 14000 |
| | **201000** | | | **201000** |

इस तिथि को **N** ने फर्म में सेवानिवृत्त होने का निर्णय लिया उसके हिस्से पर भूगतान निम्न के अनुसार किया जायेगा :- (i) भवन का मूल्य 20% अधिक पर किया । (ii) देनदारों पर डुबत ऋण 15% तक बढ़ाया जाए । (iii) मशीनरी पर 20% ह्रास लगाया जायेगा । (iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 72000रू. हुआ तथा सेवानिवृत्ति साझेदार का भाग शेष साझेदारों में समायोजित किया जायेगा। पुर्नमूल्यांकन खाता साझेदारों का पूँजी खाता तैयार कीजिए ।

अथवा

A,B,C एक साझेदार हैं जिसका लाभ-हानि अनुपात 4:3:2 हैं। उनका चिट्ठा निम्न प्रकार हैं:- [

| दायित्व | राशि | सम्पत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| पूँजी A- 40000 | | भूमिभवन | 55000 |
| B- 20000 | | मोटर कार | 15000 |
| C - 10000 | 70000 | स्टॉक | 20000 |
| लेनदार | 40000 | देनदार | 18000 |
| | | रोकड़ | 2000 |
| | **110000** | | **110000** |

वे लोग उसी तिथि को विघटन के लिये सहमत हुये। A स्टॉक और देनदार को 10%बट्टा पर लेगा । B ने 16000रू. मोटर कार ली। भूमि भवन 75000रू. में बेचा गया एवं वसुली व्यय 1600रू. हुये, लेनदारों को 1.5% बट्टे पर निपटाया गया हैं। वसुली खाता एवं रोकड़ खाता बनाइये । **[4+4]**

प्रश्न 17. नेशनल कं. लिमिटेड ने 10रू. वाले 5000 अंश 2रू. प्रति अंश के प्रीमियम पर जारी किया गये । जिस पर 5रू. आवेदन तथा 7रू. आबंटन पर (प्रीमियम सहित) देय थे । रमेश जिसे 200 अंश आबंटित किये गये थे । आबंटन की राशि चुका नहीं पाया । उसके अंश कंपनी द्वारा जब्त कर लिये गये । आवश्यक पंजी तथा अंशों के हरण की प्रविष्टि कीजिए । **[4+4]**

अथवा

नागार्जुन कं. लिमिटेड ने जिसकी अधिकृत पूंजी 3000000रू. हैं प्रत्येक 10रू. के 200000 अंशो के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जो 3रू. आवेदन पर, 4रू. आबंटन पर (प्रीमियम सहित) और प्रथम व अंतिम मांग पर 4रू. देय हैं। समस्त अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये । सभी राशि यथा समय प्राप्त हो गई । रोजनामचा प्रविष्ठियाँ कीजिए । **[2+4+2]**

## खण्ड "ब"

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं ।**

प्रश्न 18 वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

एक व्यवसाय का उद्देश्य कुल मिलाकर होता हैं :- [1]

(अ) विनियोजित कोष पर संतोषजनक प्रतिफल प्राप्त करना

(ब) बिक्री बढ़ाना

(स) सम्पत्तियों में वृद्धि करना

(द)ख्याति अर्जित करना।

प्रश्न 19 वित्तीय विवरणों के विश्लेषण तथा निर्वचन का क्या आशय होता हैं। [1]

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 20. रोकड़ प्रवाह विवरण क्या हैं? रोकड़ प्रवाह विवरण की दों सीमाओं को बताइये । **[2+2]**

अथवा

रोकड़ प्रवाह विवरण का क्या उद्देश्य हैं? (कोई चार) **[1x4]**

प्रश्न 21. AJ लिमिटेड के निम्नलिखित चिट्ठों से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए:- **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| (I)समता व दायित्व | | |
| अंशधारियों का कोष | | |
| (अ) समता अंश पूँजी | 500000 | 550000 |
| चय व अधिक्य (लाभहानि शेष) | 50000 | 75000 |
| अचल दायित्व | | |
| बंधक ऋण | 0 | 20000 |
| चालू दायित्व | | |
| व्यापारिक देयताएँ | 30000 | 20000 |
| | **580000** | **665000** |
| (II)सम्पत्तियाँ | | |
| अचल सम्पत्तिया | | |
| स्थाई सम्पत्तियाँ (मूर्त ) | 250000 | 250000 |
| विनियोग | 100000 | 125000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | | |
| स्कंध | 75000 | 70000 |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ | 125000 | 170000 |
| रोकड़ व रोकड़ समतुल्य | 30000 | 50000 |
| | **580000** | **665000** |

अथवा

निम्न शेषों से संचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :- **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| देनदार | 50000 | 40000 |
| प्राप्त बिल | 10000 | 12500 |
| लेनदार | 25000 | 20000 |
| अदत्त व्यय | 800 | 1000 |
| देय बिल | 40000 | 25000 |
| उपार्जित आय | 6000 | 7000 |
| ह्रास | 40000 | 50000 |
| लाभ-हानि विवरण से आय | 50000 | 180000 |

प्रश्न 22. निम्नलिखित सुचना से तुलनात्मक आय विवरण तैयार कीजिए:- **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| विक्रय | 500000 | 800000 |
| बेचे गये माल की लागत | 300000 | 450000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 30000 | 40000 |
| अप्रत्यक्ष व्यय | 40000 | 50000 |
| आय की दर 50% | | |

अथवा

निम्न सूचनाओं से समानाकार चिट्ठा तैयार कीजिए । **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| स्थाई सम्पत्तियाँ | 500000 | 700000 |
| विनियोग | 200000 | 100000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 300000 | 500000 |
| समता अंश पूँजी | 600000 | 700000 |
| संचय एवं आधिक्य | 200000 | 300000 |
| चालू दायित्व | 200000 | 300000 |

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । जिस पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 125 शब्द हैं ।**

प्रश्न 23. लेखांकन अनुपातों का उद्देश्य (कोई छः ) लिखे । **[1x6]**

अथवा

लेखांकन अनुपात के महत्व बताइये । (कोई छः) **[1x6]**

## खण्ड "स"

## ( कम्प्यूटर लेखांकन )

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं ।**

प्रश्न 18. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (सही विकल्प बताइये)

कम्प्यूटर सिस्टम का मस्तिष्क किसे कहा जाता हैं :– **[1]**

(अ) ALU (ब) CU

(स) CPU (द) MICR

प्रश्न 19. कम्प्यूटर प्रोग्राम कौन तैयार करता हैं । **[1]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 20. लेखांकन पैकेज के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार निर्मित सॉफ्टवेयर क्या हैं? इनके दो लाभ लिखिए । **[2+2]**

अथवा

कम्प्यूटर प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए । (कोई चार) **[1x4]**

प्रश्न 21. हस्तलिखित एवं कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में कोई चार अंतर बताइये । **[1x4]**

अथवा

कम्प्यूटर एवं कैक्यूलेटर में कोई चार अंतर बताइये । **[1x4]**

प्रश्न 22. डाटाबेस प्रबंधन के उद्देश्य लिखिए। (कोई चार) **[1x4]**

अथवा

डाटाबेस के प्रमुख उपकरणों को समझाइये । (कोई चार) **[1x4]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । जिस पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 125 शब्द हैं ।**

प्रश्न 23. किसी भी प्रकार के लेखांकन पैकेज लेने के पूर्व ध्यान रखने योग्य बाते लिखिए। (कोई छः) **[1x6]**

अथवा

लेखांकन पैकेज में प्रयुक्त सॉफ्टवेयर को समझाइये । (कोई तीन) **[2x3]**

*****************